दिनांक 19 जुलाई 2021
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई
समस्त जोन कार्यालय में आज आयोजित जनदर्शन में प्राप्त हुए 47 आवेदन, निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के दिए निर्देश
- शिवाजी नगर जोन कार्यालय में प्राप्त हुए सबसे अधिक आवेदन
भिलाई नगर/ भिलाई निगम क्षेत्र के समस्त जोन कार्यालय में आज जनदर्शन आयोजित हुआ! जिसमें 47 आवेदन प्राप्त हुए! सबसे अधिक आवेदन जोन कार्यालय जोन क्रमांक चार शिवाजीनगर में प्राप्त हुआ है! शिवाजी नगर में 24 आवेदन मिले हैं! निगम क्षेत्र के रहवासियों के विभिन्न प्रकार की समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण के लिए कलेक्टर एवं भिलाई निगम के प्रशासक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे तथा आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर प्रत्येक जोन कार्यालय में जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है , जिसके माध्यम से भिलाई शहर के निवासी अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर निगम दफ्तर पहुंच रहे हैं! जनदर्शन के माध्यम से लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है! जो समस्या त्वरित निराकरण योग्य है उसे तत्काल निराकरण किया जा रहा है , शेष को समाधान करने के लिए संबंधित विभाग को अग्रेषित कर निराकरण का फीडबैक लिया जा रहा है! निगम प्रशासन और शहर के रहवासी से बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से जनदर्शन आयोजित किया जा रहा है ताकि लोगों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक लेकर उनके आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा सके! निगम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त हुए कई महीने बीत चुके हैं ऐसे में लोगों की समस्याओं का सीधा निराकरण निगम कर रही है! कोरोनावायरस के संक्रमण के चलते विगत कुछ महीने से जनदर्शन आयोजित नहीं किया जा रहा था! परंतु अब जोन कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को जनदर्शन प्रातः 11:00 से 1:30 तक आयोजित होगा जिसकी शुरुआत आज से हुई है! आज के जनदर्शन में नेहरू नगर जोन कार्यालय में 13 आवेदन, वैशाली नगर जोन कार्यालय में 10 आवेदन तथा शिवाजी नगर में सबसे अधिक 24 आवेदन प्राप्त हुए! आज के जनदर्शन में मुख्यतः नाली से मलबा हटाने, नल एवं पाइप लाइन सुधार, नए पोल में लाइट लगाने, मैत्री विहार कॉलोनी के चौक चौराहों पर से कचरा उठाने , स्ट्रीट लाइट से संबंधित, सीसी रोड का निर्माण कराने, नाली की सफाई करने, नाले का सीमांकन करने, भवन से कब्जा मुक्त कराने, शासकीय भूमि में अवैध निर्माण को तोड़ने , सड़क पर गड्ढा को ठीक कराने , नल कनेक्शन कटवाने, सड़क का डामरीकरण कराने इत्यादि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए!

जनसंपर्क अधिकारी